# पर्यटन से बनेगी यूपी की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था

- पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय समीक्षा की
- इस वर्ष 65 करोड़ पर्यटकों ने यूपी की यात्रा की

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का इंजन बनेगा।

गुरुवार को समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि इस साल 65 करोड़ पर्यटकों ने यूपी की यात्रा की। अगले साल 130 करोड़ पर्यटकों के आने का अनुमान है। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू की जानी चाहिए। हमें एक लाख अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था उनके ठहरने के लिए करनी होगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटकों के ठहरने की दर 40.81% पहुंच गई है।